# हरियाणा विधान सभा

**शुक्रवार, 17 दिसम्बर, 2021**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

## सामान्य जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के अन्तर्गत नियुक्ति

***1346. श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) हरियाणा सरकार की नई भर्ती में (विज्ञापन सं॰ 8/2015, श्रेणी–1), (विज्ञापन सं० 7/2015, श्रेणी–19), (विज्ञापन नं॰ 7/2015, श्रेणी–17) तथा (विज्ञापन सं० 11/2015, श्रेणी–2) में सामान्य जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों के अन्तर्गत चयनित हुए उम्मीदवारों की संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त विज्ञापनों में सामान्य जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों के अन्तर्गत नियुक्त हुए उम्मीदवारों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) उपरोक्त विज्ञापनों में सामान्य जातियों में आर्थिक रूप से पिछड़े अभ्यर्थियों में चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति नहीं दिये जाने के क्या कारण हैं; तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

## लम्बे रूट की बसों का ठहराव आरम्भ करना

***1363. श्री मेवा सिंह, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या चण्डीगढ़ – देहली राजमार्ग पर कुरूक्षेत्र में उमरी चौक जो कि महिला आई.टी.आई., कुरूक्षेत्र तथा श्री कृष्णा आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र चौक के रूप में भी जाना जाता है पर हरियाणा रोडवेज की लम्बे रूट की बसों के ठहराव को आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो कब तक उक्त प्रस्ताव को क्रियान्वित किये जाने की संभावना है?

---

## नौकरी दिलवाना

***1439. श्री रामकरण, एम०एल०ए० :** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि किसानों के परिवार के सदस्य को सरकारी उपक्रमों में नौकरी देने का कोई प्रावधान है जिनकी जमीन ऐसे उपक्रम के लिए अधिग्रहित की गई है;

(ख) क्या शाहबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा वर्ष, 2005 में गांव जन्देरी में एथेनॉल गैस प्लांट स्थापित करने के लिए जिन किसानों की 26 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी, उन प्रत्येक के एक सदस्य को नौकरी देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक क्रियान्वित किए जाने की संभावना है?

---

## जल खालों के पुनः निर्माण करने की समय अवधि

***1386. श्री जोगी राम सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में खेतों की सिंचाई के लिए पानी की खालों तथा पक्की नालियां जो लगभग 20 वर्ष पुरानी हैं को पुनः निर्मित करने के लिए नीति के अनुसार सरकार द्वारा निर्धारित की गई समय–अवधि कितनी है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

---

## सेम के रिसाव के कारण क्षतिग्रस्त कृषि भूमि

***1395. श्रीमती गीता भुक्कल, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि एन टी पी सी थर्मल प्लांट की पानी की टेंकियों के रिसाव के कारण गांव गोरिया, खानपुर खुर्द तथा लिलोढ में 550 एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हो गई है; यदि हां, तो उपरोक्त मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई हैं; तथा

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि भिंडावास झील/पक्षी विहार की सेम की समस्या के कारण गांव निवादा, रेढुवास, कोन्द्रावाली, मुण्डाहेड़ा, चढ़वाना, बिलोचपुरा इत्यादि में हजारों एकड़ कृषि भूमि खराब हो गई है; यदि हां, तो उपरोक्त गांवों के निवासियों के सुरक्षित जीवन यापन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए तथा उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

---

## सब्जी मंडी का स्थानांतरण

***1404. श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाई, 2018 में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डबवाली की नई सब्जी मण्डी का उद्घाटन किया गया था; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पुरानी सब्जी मंडी से नई सब्जी मंडी में सभी आढ़तियों तथा विक्रेताओं का स्थानांतरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इन्हें कब तक स्थानांतरित किए जाने की संभावना है?

---

## नालों के बहाव का ब्यौरा

***1397. श्री राकेश दौलताबाद, एम०एल०ए० :** क्या ~~शहरी स्थानीय निकाय~~ मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) मानसून और शुष्क मौसम के दौरान जी एम डी ए (गुरूग्राम महानगरीय विकास प्राधिकरण) के अधिकार क्षेत्र के तहत तीन नालों अर्थात लेग–I, लेग–II और बादशाहपुर नाला (लेग–III) में औसतन दैनिक बहाव का नालोंवार ब्यौरा क्या है;

(ख) एक कैलेंडर वर्ष, 2020 के प्रत्येक मास के दौरान जी एम डी ए (गुरूग्राम महानगरीय विकास प्राधिकरण) के अधिकार क्षेत्र के तहत तीन नालों अर्थात लेग– I, लेग– II और बादशाहपुर नाला (लेग– III) में औसतन दैनिक बहाव का नालोंवार ब्यौरा क्या है;

(ग) भौगोलिक बिंदु कौन सा है जिस पर उपरोक्त नालों का औसतन दैनिक बहाव पाया जाता है;

(घ) क्या उपरोक्त संबंधित नालों के अंतिम छोर पर चालू बहाव को मापने के लिए जी. एम. डी. ए. द्वारा कोई उपकरण स्थापित किया गया है;

(ड़) जी एम डी ए क्षेत्र में सामूहिक रूप से सभी अस्वीकृत कॉलोनियों से औसतन दैनिक मल शोधन कितना है; तथा

(च) जी एम डी ए क्षेत्र में सभी आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और स्वीकृत कॉलोनियों से औसतन दैनिक मल शोधन कितना है?

---

## मेवात संवर्ग के विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या

***1418. श्री आफताब अहमद, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि मेवात में सरकार द्वारा विद्यालयों का एक अलग संवर्ग बनाया गया था; यदि हां, तो उक्त संवर्ग में वर्तमान में कार्यरत अध्यापकों की कुल संख्या कितनी है तथा अध्यापकों के कुल कितने पद रिक्त पड़े हैं; तथा

(ख) वर्ष, 2015 से अब तक मेवात संवर्ग विद्यालयों में नियुक्त किए गए अध्यापकों की वर्षवार एवं विषयवार संख्या कितनी है?

---

## सरकारी एजेंसी स्थापित करना

***1414. श्री असीम गोयल, एम०एल०ए० :** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अध्ययन के लिए या [illegible] वर्क वीजा पर राज्य के छात्रों को विदेश भेजने के लिए कोई सरकारी एजेंसी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

---

## एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलना

***1329. श्री प्रवीण डागर, एम०एल०ए० :** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला पलवल के गांव फुलवाड़ी में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

---

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ब्यौरा

***1423. श्री ईश्वर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या वर्ष, 2011 के पश्चात् प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्य में सरकार द्वारा कोई सर्वेक्षण किया गया है तथा अब तक राज्य में उपरोक्त योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा आबंटित मकानों की संख्या का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अनुसूचित जातियों के लाभार्थियों की संख्या कितनी है तथा उक्त उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा खर्च की गई राशि की सीमा क्या है; तथा

(ग) प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का ब्यौरा क्या है जो आज की तारीख में राज्य में निर्माणाधीन है?

---

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का अस्पताल के रूप में दर्जा बढ़ाना

***1378. श्री जयवीर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरखौदा का नागरिक अस्पताल के रूप में दर्जा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

---

## एक महिला महाविद्यालय खोलना

***1430. श्री विनोद भ्याणा, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या हांसी शहर में एक महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) हांसी शहर में सरकारी सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की संख्या कितनी है?

---

## बाय–पास की वर्तमान स्थिति

***1416. श्री मोहम्मद इलियास, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि पिनंगवा–पुन्हाना बाय–पास के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

---

## विज्ञान संकाय बंद करने के कारण

***1460. श्री बलराज कुन्डू, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि जिन कारणों से महम में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय बंद कर दिया गया है तथा कन्या छात्राओं को लड़कों के विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है?

---

## एक खेल स्टेडियम का निर्माण करना

***1298. श्री सुभाष गांगोली, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव हाट में विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा एक खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

---

## औद्योगिक सैक्टर विकसित करना

***1355. श्री दीपक मंगला, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि उत्तर प्रदेश के जेवर में एक हवाई अड्डा निर्मित किया जाना है जो कि पलवल के खादर स्थान से लगभग 2–3 किलोमीटर दूर है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पलवल के उपरोक्त स्थान में औद्योगिक सैक्टर विकसित करने तथा सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

## 100–100 गज के प्लॉटों में सुविधाएं उपलब्ध कराना

***1339. श्रीमती शैली चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के प्रत्येक गांव में अनुसूचित जातियों के परिवारों को 100–100 गज के प्लॉट आवंटित किए गए थे परन्तु वहां पर न तो आवाजाही की सुविधा और न ही बिजली तथा पानी की कोई सुविधा है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त सुविधाओं को उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा यदि हां, तो उपरोक्त सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाये जाने की संभावना है?

---

## बस अड्डे का निर्माण करना

***1303. श्री मामन खान, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला नूंह के बड़कली चौक (नगीना) पर बस अड्डे के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त बस अड्डे का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

---

## वृक्ष कटाई के अपशिष्ट को एकत्रित करने की जिम्मेवारी

***1342. श्री नरेन्द्र गुप्ता, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद–86 विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में सरकार द्वारा ईकोग्रीन एनर्जी को गीला व सूखा अपशिष्ट कचरा इकट्ठा करने की जिम्मेवारी दी गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी तथ्य है कि फरीदाबाद–86 विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में वृक्ष कटाई से उत्पन्न कचरे को एकत्रित करने की जिम्मेवारी ईकोग्रीन एनर्जी की है; यदि नही, तो फरीदाबाद–86 विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में वृक्ष कटाई के कचरे को एकत्रित करने की जिम्मेदार एजेंसी का ब्यौरा क्या है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़ :
दिनांक 12 दिसम्बर, 2021.

58424—H.V.S.—H.G.P., Chd.